# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 06.07.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण –दि0 06.07.2026

### वीडीए ने तीन अवैध मकान किए जमींदोज

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वीडीए ने दालमंडी क्षेत्र में रविवार को तीन अवैध मकानों का बुलडोजर से ध्वस्तीकरण शुरू किया। दालमंडी चौड़ीकरण परियोजना के तहत अवैध निर्माणों पर कार्रवाई अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। विभागीय टीम ने सुबह नौ बजे से कार्रवाई शुरू की जो शाम छह बजे तक चली। ध्वस्त किए गए तीनों मकानों को पूर्व में चिह्नित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना को तय समय में पूरा करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा के लिहाज से इलाके में सिविल पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात किए गए थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


अमर उजाला –दि0 06.07.2026

## सील भवनों की निगरानी करें अधिकारी : वीडीए उपाध्यक्ष

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बिना मानचित्र स्वीकृत कराए जिन भवनों के अवैध निर्माण को सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया है, उनकी नियमित निगरानी की जाए। यदि कहीं दोबारा निर्माण कराया जाता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। हाल ही में वीडीए ने अभियान चलाकर कई कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई की थी। जांच में पाया गया था कि कई संस्थान बिना मानचित्र स्वीकृति और अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन किए संचालित हो रहे थे। इन अनियमितताओं के कारण जनसुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो रहा था। वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया गया था। ब्यूरो